कोरोनाकाल में भी हाउसिंग बोर्ड के 701 आवास बिके

इस बिक्री से 103 करोड़ रुपए का राजस्व मिला

जयपुर । हाउसिंग बोर्ड ने कोरोनाकाल में 2 बुधवार में 103 करोड़ के 701 आवास बेचे। इस बुधवार उत्सव में बोर्ड के 320 आवास बिके जिससे 45 करोड़ मिले। हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा ने बताया बुधवार नीलामी उत्सव में सभी के लिए किश्तों में आवास योजना में दूसरे बुधवार को भी खरीददारों का बहुत क्रेज रहा । जयपुर वृत्त प्रथम में 42 आवास बिके जिससे बोर्ड को 8.52 करोड रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। जयपुर वृत्त द्वितीय में 9.8 करोड में 63 आवास बिके एवं जयपुर वृत्त तृतीय में 42 आवास बिके जिससे बोर्ड को 6.78 करोड रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

अलवर वृत्त में 56 आवास 5.89 करोड में, कोटा वृत्त में 29 आवास 2. 29 करोड में बिके है। वहीं जोधपुर वृत्त प्रथम में 16 आवास 1.65 करोड में एवं जोधपुर वृत्त द्वितीय में 5 आवास 67.25 लाख रूपए में बिके है।

उन्होंने ने बताया की किश्तों में आवास योजना के तहत 39 शहरों की 45 योजनाओं में 50 प्रतिशत तक छूट पर आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसमें 13 वर्ष की आसान 156 मासिक किश्त रखी गई है।